क्यूबा को भारत की मानवीय सहायता

स्रोत: AIR

भारत ने **हरिकेन राफेल** के विनाशकारी प्रभाव के बाद क्यूबा को मानवीय सहायता भेजी है।

- भारत की सहायता उसके ***?????? ????????* (विश्व एक परिवार है) के दर्शन** तथा संकटग्रस्त देशों के प्रति वैश्विक एकजुटता एवं समर्थन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

क्यूबा

- **क्यूबा उत्तरी कैरेबियन सागर में मैक्सिको की खाड़ी तथा अटलांटिक महासागर** के संगम पर स्थित है। इसकी राजधानी **हवाना,** देश का सबसे बड़ा शहर एवं एक प्रमुख आर्थिक, वाणिज्यिक तथा औद्योगिक केंद्र है।
- क्यूबा **निकिल का 9वाँ सबसे बड़ा उत्पादक** है।

//

भारत-क्यूबा द्विपक्षीय संबंध कैसे रहे हैं?

- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि: जनवरी 1959 में क्यूबा की क्रांति** (अमेरिका समर्थित फुलगेन्सियो बतिस्ता की तानाशाही को उखाड़ फेंकना) के बाद नई क्यूबा सरकार को **मान्यता देने वाले पहले देशों** में भारत भी शामिल था।
  - **यह देश सोवियत संघ और अमेरिका** के बीच **शीत युद्ध** के दौरान विवाद का विषय (मुख्यतः **1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के दौरान**) था।
  - **दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र (UN), NAM, WTO** आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन किया है।
  - इसके अतिरिक्त क्यूबा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में **स्थायी सीट के लिये भारत के प्रयास का समर्थन** करता है और भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर **क्यूबा के अधिकारों तथा विकास** की **लगातार वकालत** की है, जिसमें देश के समक्ष आने वाली आर्थिक चुनौतियों का समाधान करना भी शामिल है।
- **आर्थिक संबंध:** वित्त वर्ष 2022-23 में क्यूबा को भारत के साथ निर्यात बढ़कर**79.04 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि आयात 4.87 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा**।
  - भारत से निर्यात में फार्मास्यूटिकल्स, रसायन, चिकित्सा उपकरण और वस्त्र शामिल हैं। क्यूबा भारत को**तंबाकू और दवा संबंधी उत्पादों का निर्यात करता है।**
- **क्यूबा को भारत की सहायता:** भारत ने वर्ष **2008, वर्ष 2016 और वर्ष 2017 में तूफान के** बाद सहायता समेत **आपदा राहत प्रदान की है। IT सेंटर (भारत-क्यूबा ज्ञान केंद्र)** वर्ष 2010 में स्थापित किया गया और क्यूबा में वर्ष 1900 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षण दिया गया।
- भारत ने **कोविड-19** महामारी के दौरान **जीवन रक्षक दवाईयाँ उपलब्ध कराई।**
- क्यूबा अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का सदस्य है, तथा उसकी ऊर्जा परियोजनाओं के लिये भारत सहायता प्रदान करता है।
- भारत ने कृषि, कृषि-खाद्य और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में क्यूबा सरकार को **243 मिलियन अमेरिकी डॉलर के** पाँच ऋण समझौते प्रदान किये हैं।

- **सांस्कृतिक संबंध: क्यूबा में भारत की संस्कृति की बहुत सराहना की जाती है, तथा महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और [रवींद्रनाथ टैगोर]** जैसी प्रमुख हस्तियों का वहाँ सम्मान किया जाता है।
- मई 2007 में [भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR)] द्वारा दान की गई रवींद्रनाथ टैगोर की एक प्रतिमा का प्राचीन हवाना में अनावरण किया गया।
- योग और आयुर्वेद लोकप्रिय हैं, तथा प्रतिवर्ष इनके लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिसमें **[अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस] भी शामिल है।**

और पढ़ें...

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-humanitarian-assistance-to-cuba